प्रागैतिहासिक काल

1. जिस काल में मनुष्य ने घटनाओं का कोई लिखित विवरण उद्धत नहीं किया, उसे कहा जाता है–
(अ) प्रागैतिहासिक काल
(ब) आद्य ऐतिहासिक काल
(स) इतिहास
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– जिस काल में मनुष्य ने घटनाओं का कोई लिखित विवरण उद्धत नहीं किया, उसे प्रागैतिहासिक काल कहते हैं।

2. जिस काल में लेखनकला के प्रचलन के बाद उपलब्ध लेख पढ़े नहीं जा सके, उसे कहा जाता है–
(अ) प्रागैतिहासिक काल
(ब) आद्य ऐतिहासिक काल
(स) इतिहास
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या– जिस काल में लेखन–कला के प्रचलन के बाद उपलब्ध लेख पढ़े नहीं जा सके, उसे आद्य ऐतिहासिक काल कहते हैं।

3. जिस काल में मनुष्य ने घटनाओं का लिखित विवरण उद्धत किया, उसे कहा जाता है–
(अ) प्रागैतिहासिक काल
(ब) आद्य ऐतिहासिक काल
(स) इतिहास
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
व्याख्या– मानव विकास के उस काल को इतिहास कहा जाता है, जिसका विवरण लिखित रूप से उपलब्ध है।

4. मानव विकास के किस काल को इतिहास कहा जाता है–
(अ) जिसका विवरण लिखित रूप से उपलब्ध हो
(ब) जिसका कोई लिखित विवरण उद्धत नहीं किया गया हो
(स) लेखनकला के प्रचलन के बाद भी उपलब्ध लेख पढ़े नहीं जा सके
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– मानव विकास के उस काल को इतिहास कहा जाता है, जिसका विवरण लिखित रूप से उपलब्ध है।

5. ज्ञानी मानव को कहा जाता है–
(अ) होमो सैपियंस (ब) होमो इंटेलिजेंस
(स) होमो जैंपियंस (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– ज्ञानी मानव को होमो सैपियंस कहा जाता है।

6. ज्ञानी मानव (होमो सैपियंस) का पृथ्वी पर प्रवेश कब हुआ माना जाता है ?
(अ) लगभग 30–40 हजार वर्ष पूर्व
(ब) लगभग 20–30 हजार वर्ष पूर्व
(स) लगभग 40–50 हजार वर्ष पूर्व
(द) लगभग 60–70 हजार वर्ष पूर्व
उत्तर : (अ)
व्याख्या– ज्ञानी मानव को होमो सैपियंस कहा जाता है। ज्ञानी मानव (होमो सैपियंस) का प्रवेश इस धरती पर आज से लगभग 30–40 हजार वर्ष पूर्व हुआ था।

7. पूर्व पाषाण युग में मानव की आजीवका का मुख्य आधार था–
(अ) कृषि करना (ब) शिकार करना
(स) पशुपालन करना (द) विदेशी व्यापार
उत्तर : (ब)
व्याख्या– पूर्व–पाषाण युग के मानव की जीविका का मुख्य आधार शिकार था।

8. आग का आविष्कार किस काल में हुआ था ?
(अ) पुरा–पाषाण काल (ब) नव–पाषाण काल
(स) मध्य–पाषाण काल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– आग का आविष्कार पुरा–पाषाणकाल में हुआ था।

9. पहिये का आविष्कार किस काल में हुआ था ?
(अ) पुरा–पाषाण काल (ब) नव–पाषाण काल
(स) मध्य–पाषाण काल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या– पहिये का आविष्कार नव–पाषाणकाल में हुआ था।

10. कृषि का आविष्कार किस काल में हुआ था ?
(अ) पुरा–पाषाण काल (ब) नव–पाषाण काल
(स) मध्य–पाषाण काल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

11. मनुष्य में स्थायी निवास की प्रवृत्ति किस काल में हुई ?
(अ) पुरा–पाषाण काल (ब) नव–पाषाण काल
(स) मध्य–पाषाण काल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या– मनुष्य में स्थायी निवास की प्रवृत्ति नव–पाषाणकाल में हुई।

12. मनुष्य ने सबसे पहले किस जानवर को पालतू बनाया था ?
(अ) गाय (ब) घोड़ा
(स) कुत्ता (द) बैल
उत्तर : (स)
व्याख्या– मनुष्य ने सबसे पहले कुत्ता को पालतू बनाया था।

13. मनुष्य ने सर्वप्रथम किस धातु का प्रयोग किया था ?
(अ) स्वर्ण (ब) चाँदी
(स) लोहा (द) ताँबा
उत्तर : (द)
व्याख्या– मनुष्य ने सर्वप्रथम ताँबा धातु का प्रयोग किया था।

14. मनुष्य द्वारा बनाया जाने वाला प्रथम औजार है–
(अ) कुल्हाड़ी (ब) तलवार
(स) गंडासा (द) कैंची
उत्तर : (अ)
व्याख्या– मनुष्य द्वारा बनाया जाने वाला प्रथम औजार कुल्हाड़ी था। इसकी प्राप्ति अतिरम्पक्कम स्थान से हुई।

15. 'कुल्हाड़ी' सर्वप्रथम किस पुरास्थल से प्राप्त हुई ?
(अ) अतिरम्पक्कम (ब) कालीबंगा
(स) लोथल (द) बैराठ
उत्तर : (स)
व्याख्या– कुल्हाड़ी सर्वप्रथम अतिरम्पक्कम नामक पुरास्थल से प्राप्त हुई।

16. मनुष्य ने सर्वप्रथम किन फसलों का उत्पादन किया था ?
(अ) गेहूँ और जौ (ब) गेहूँ और बाजरा
(स) जौ और मक्का (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– कृषि का आविष्कार नव–पाषाणकाल में हुआ। कृषि के लिए अपनाई गई सबसे प्राचीन फसल गेहूँ (पहली फसल) एवं जौ थी।

17. भारत में पूर्व प्रस्तर युग के अधिकांश औजार किसके बने होते थे ?
(अ) लोहे के (ब) ताँबे के
(स) स्फटिक के (द) काँसे के
उत्तर : (स)
व्याख्या– भारत में पूर्व प्रस्तर युग के अधिकांश औजार स्फटिक (पत्थर) के बने थे। रॉबर्ट ब्रुस फुट पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1863 ई. में भारत में पुरापाषाणकालीन औजारों की खोज की। पल्लावरम् नाम स्थान पर प्रथम भारतीय पुरापाषाण कलाकृति की खोज हुई थी।

18. प्रागैतिहासिक अन्न उत्पादक स्थल 'मेहरगढ़' कहाँ अवस्थित है ?
(अ) पश्चिमी ब्लूचिस्तान में
(ब) अफगानिस्तान में
(स) पाकिस्तान में
(द) सिंध प्रांत में
उत्तर : (अ)
व्याख्या– कृषि का आविषकार नव–पाषाणकाल में हुआ। प्रागैतिहासिक अन्न उत्पादक स्थल मेहरगढ़ पश्चिमी बलूचिस्तान में अवस्थित है। कृषि के लिए अपनाई गई सबसे प्राचीन फसल गेहूँ (पहली फसल) एवं जौ थी लेकिन मानव द्वारा सर्वप्रथम प्रयुक्त अनाज चावल था।

19. कृषि के लिए अपनाई गई सबसे प्राचीन फसल थी–
(अ) गेहूँ और जौ (ब) गेहूँ और बाजरा
(स) जौ और मक्का (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– कृषि का आविषकार नव–पाषाणकाल में हुआ। कृषि के लिए अपनाई गई सबसे प्राचीन फसल गेहूँ (पहली फसल) एवं जौ थी।

www.rajstudents.com